हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने देश के अलग अलग भागों में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ये प्रशिक्षण स्कूल देश के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे। उन्होनें कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। श्री गडकरी ने कहा कि देश में करीब 22 लाख वाहन चालकों की कमी है।

अभी ट्रक ड्राइवर के लिए, ये भी 18-18, 16-16 घंटे चलाते हैं। विदेशों में ऐसी सिस्टम है कि वो कार्ड डालता है और आठ घंटे हुए कि उसको उतरना ही पड़ता है, गाड़ी चालू नहीं होती, अब वो ला रहे हैं हम लोग। इसके बाद ट्रक और बसेज़ में कार्ड सिस्टम होगी। आठ घंटे होंगे तो गाड़ी चलेगी नहीं। सुप्रीम कोर्ट का भी एक निर्णय आया है, देश में 22 लाख ड्राइवरों की कमी है। तो हम दो हजार ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल हिन्दुस्तान के अलग-अलग जगह पर खोल रहे हैं। विशेष रूप से सोशियली इकोनॉमिकली बैकवर्ड ट्राइबल एरिया में पिछड़े हुए क्षेत्रों में ताकि वहां के लोग ड्राइविंग सीखें और उनको रोजगार मिले।

श्री गडकरी ने यह भी कहा कि उनके मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान भी किया।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त और समन्वित लोकतंत्र की दिशा में राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। हरियाणा सरकार इस पहल का सैद्धांतिक समर्थन करती है।

मुख्यमंत्री न्यू चंडीगढ़ में आयोजित संयुक्त संसदीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह संयुक्त संसदीय समिति संविधान (129वां) संशोधन विधेयक, 2024 और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर अध्ययन के लिए क्षेत्र के दौरे पर है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लागू होने से लोकतंत्र में बड़ा सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराए जाने से विकास कार्य बाधित होते हैं, प्रशासनिक मशीनरी चुनावों में व्यस्त हो जाती है और आम-जन पर इसका सीधा असर पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल संसाधनों की बचत होगी बल्कि समय और धन की बर्बादी रुकेगी। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आमजन की भागीदारी भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा की इसलिए सभी को एक मत से समर्थन इसका करना चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि चुनावों की तिथियों का निर्धारण करते समय कृषि कार्यों, त्योहारी सीजन, विवाह सीजन, अवकाश आदि जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि मतदान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

****

आज दुनिया भर में विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा रोकथाम दिवस मनाया जा रहा है। यह भूमि क्षरण को रोकने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम सभा सचिवालय की अगुवाई में मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है - "भूमि क्षरण रोकें, अवसरों को लाभ उठाएं"।

****

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की योग विधा और गीता दर्शन का संदेश लेकर गीता मनीषी एवं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव प्राधिकरण के उपाध्यक्ष स्वामी ज्ञानानंद इंग्लैंड के मैनचेस्टर में जिओ गीता परिवार के साथ योग दिवस मनाएंगे।

इस कार्यक्रम में मैनचेस्टर का स्थानीय प्रशासन भी शामिल होगा। स्वामी ज्ञानानंद ने बताया कि वे इस अवसर पर गीता के माध्यम से योग के गूढ़ महत्व को वहां की जनता के सामने रखेंगे और बताएंगे कि कैसे योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मन को भी स्थिर, शांत और आत्मविश्वास से भर देता है।

स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता का योग बौद्धिक जागरूकता के साथ साथ आत्मिक एकता का भी मार्ग है, जो "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना को जगाता है। उन्होंने कहा कि भारत की योग परंपरा आज संपूर्ण विश्व को जोड़ रही है और मैनचेस्टर में मनाया जाने वाला योग दिवस इसी कड़ी का विस्तार है।

****

पलवल के कपिल बैंसला और फरीदाबाद की रिया सिंह ने इस साल होने वाली एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुए ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

फरीदाबाद से हमारे से हमारे संवाददाता ने बताया है कि दोनो निशानेबाजों ने देहरादून में हाल ही में संपन्न हुए चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन किया और शीर्ष स्थान प्राप्त कर टीम इंडिया में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली । 20 वर्षीय कपिल ने इस वर्ष जनवरी में नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता था।

वहीं रिया सिंह ने भी इस चयन ट्रायल में जबरदस्त प्रदर्शन किया और विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभाशाली महिला निशानेबाजों से कड़ी प्रतिस्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया।

****

पानीपत के सतकरतार कॉलोनी की रहने वाली 24 वर्षीय हरियाणवी मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी की पहचान इसराना निवासी सुनील के रूप में हुई है।

अपराध जांच शाखा के अधिकारी संदीप ने बताया कि मृतक के परिजनो द्वारा दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को एक निजी अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हत्या को अंजाम देने के बाद अस्पताल में भर्ती हो गया था।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने हत्या को हादसा दिखाने के लिए शव को अपनी कार में ले जाकर पानीपत नहर में गिरा दिया जो पानीपत से 48 किलोमीटर दूर सोनीपत के खरखोदा स्तिथ गांव खांडा के पास नहर से शव मिला। शव की पहचान हाथ पर बने एक टेटू से हुई।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने शीतल की चाकू से हत्या करने की बात स्वीकार की है। उसे रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जा रहा है।

****